



# ई-ऑटो पेड़ से टकराया, बुजुर्ग समेत दो की मौत

## दो घायल ट्रामा सेंटर में भर्ती, हादसे के बाद चालक भाग निकला

संवाददाता, माल

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के बीरपुर गांव की मोड़ के पास शुक्रवार को ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में बुजुर्ग और मां-बेटा समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला। घटना की सूचना मिलते ही माल पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां बुजुर्ग व महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि अन्य दोनों का इलाज चल रहा है।

इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शुक्रवार को ई-ऑटो पर सवारियों को लेकर माल की ओर जा रहा था। बीरपुर मोड़ पर चालक का नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे ई-ऑटो तेज रफ्तार में पेड़ से जा भिड़ा। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में अतरौली के सरवा निवासी गंगादेई (50), उनका बेटा राजपाल, माल के गढ़ी निवासी रामबिलन और सीतापुर के संदना निवासी (70) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही माल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से डॉक्टरों ने चारों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बुजुर्ग बैजू और गंगादेई की मौत हो गयी। इंस्पेक्टर ने बताया कि हादसे में राजपाल और रामबिलन का दाहिना हाथ टूटा है। बताया जा रहा है कि गंगादेई बेटे राजपाल के साथ लखनऊ से दवा लेकर लौट रही थी।

### पेड़ से बाइक टकराने से गई अधेड़ की जान


मृतक राजेश

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र के आदमपुर चौराहे पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर माल पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माल स्थित मुंशीखेड़ा इलाके में राजेश (56) की बेटी का घर बन रहा है। वह घर की देखरेख कर रहे थे। वह गुरुवार को बेटी के घर का निर्माण कार्य देख देर रात अपने घर बाइक से लौट रहे थे। आदमपुर चौराहे के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर परिजन को सूचना दी। भाई सर्वेश ने बताया कि बड़े भाई राजेश 15 अप्रैल को अपनी बेटी अनामिका के घर सीतापुर सिधौली गए थे। वहां से लौट रहे थे। परिवार में पत्नी शिवपति, दो बेटे अजय व अभिषेक हैं।

### कार की टक्कर से ठेला टूटा, दो घायल

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र के चंद्रिका देवी चौकी इलाके में 20 अप्रैल की शाम बेकाबू कार की टक्कर से ठेला पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ठेले पर सवार दो किशोर घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने चौकी पर तैनात सिपाही पर मारपीट और लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। मल्लाहन खेड़ा गांव निवासी दिव्यांग रामदयाल ने बताया कि बेटे रिंकू और पिंकू 20 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे ठेले पर सामान बेचकर घर लौट रहे थे। तभी गांव के ही सोनू ने कार से ठेले में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों किशोर ठेले समेत सड़क किनारे जा गिरे। हादसे में ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सामान बिखर गया, जिससे परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। रामदयाल का आरोप है कि चौकी पर तैनात सिपाही सुरजीत ने उनके साथ अभद्रता करते हुए थप्पड़ मार दिया और उनके कागजात फाड़ दिए। पीड़ित के मुताबिक, उन्होंने मामले की लिखित तहरीर थाने में दी, लेकिन चार दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ठेला टूटने से परिवार की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# 19 सीएचसी पर लग रहा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जिले में 60 हजार किशोरियों को मुफ्त टीकाकरण का लक्ष्य

**अमृत विचार :** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया है। शहर के 19 शहरी और ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुफ्त टीका लगाया जा रहा है। तीन माह का विशेष अभियान पूरा होने के बाद टीकाकरण प्रत्येक बुधवार और शनिवार को किया जा रहा है। टीकाकरण कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा।

सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु और अभियान शुरू होने की तिथि से 90 दिनों के भीतर 15 वर्ष की पूरी करने वाली किशोरियां अभियान में शामिल की जाएंगी। करीब 60 हजार किशोरियों के टीकाकरण का लक्ष्य है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि अभिभावक यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण कर डिजिटल सहमति दे सकते हैं। आयु सत्यापन के लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड या स्कूल आईडी मान्य होंगे। एचपीवी संक्रमण से सर्वाइकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है और अक्सर इसकी पहचान देर से होती है। ऐसे में बचाव ही सबसे प्रभावी उपाय है। इसी उद्देश्य से सभी पात्र किशोरियों को गार्डासिल वैक्सीन की सिंगल डोज दी जाएगी।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि टीकाकरण के बाद हल्का बुखार, सिरदर्द, मतली या चक्कर जैसे सामान्य लक्षण हो सकते हैं, जिनमें पैरासिटामोल दी जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ


टूटी आलमारी और बिखरा सामान।

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : इटौजा स्थित महोना चौकी क्षेत्र में चोरों ने बंद पड़े मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने नकदी व जेवर समेत लाखों के माल पर हाथ साफ कर दिया। वार्ड नंबर दो कटरा मोहल्ला निवासी रज्जन लाल ने बताया कि वे गुरुवार रात परिवार सहित अपने दूसरे मकान केसरमऊ कला में रूके थे। महोना स्थित घर में ताला बंद था। इसी दौरान चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए। चोरों ने अलमारी व बक्सों के ताले तोड़कर उसमें रखे जेवरात और 70 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। शुक्रवार की सुबह जब परिजन घर पहुंचे तो ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इंस्पेक्टर सोबरन सिंह ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में करीब डेढ़ माह पहले सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार के मामले में छोटे भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा के नीवां बरौली निवासी संदीप कुमार ने बताया कि बड़े भाई कुलदीप 3 मार्च को बाइक से मोहनलालगंज की तरफ जा रहे थे। इसी बीच जुनाबगंज की ओर से मोहनलालगंज की तरफ जा रहे ट्रक ने खटोला गांव के पास बाइक में ठोकर मार दी। जिससे कुलदीप बुरी तरह घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। कल्ली पश्चिम स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कुलदीप काफी दिनों तक कोमा में रहे और होश आने पर आर्थिक तंगी की वजह से उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज करा कर दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज जारी है।

# निजी अस्पताल में महिला की मौत इलाज में लापरवाही का आरोप

संवाददाता, माल

- परिजनों का दावा, समय पर नहीं किया रेफर, 47 हजार रुपये वसूले, जांच के आदेश

**अमृत विचार :** माल क्षेत्र के अटारी गांव में एक महिला की मौत हो गई। मृतका के पति ने इलाज में लापरवाही और अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पति रमेश कुमार के मुताबिक, उनकी पत्नी पारुल गौतम ने 11 अप्रैल को चूहामार दवा खा ली थी, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए रूदानखेड़ा पुलिया स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि वहां मौजूद हेल्परों ने गंभीर स्थिति के बावजूद मरीज को हल्के में लिया और सही उपचार नहीं दिया।

परिजनों का कहना है कि हालत में सुधार न होने पर उन्होंने बेहतर अस्पताल में रेफर करने की मांग की, लेकिन हेल्परों ने आश्वासन देकर इलाज जारी रखा। इसी दौरान दवाइयों के नाम पर करीब 47 हजार रुपये भी वसूल लिए गए। आरोप है कि 12 अप्रैल की सुबह महिला की मौत हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल कर्मियों ने इसकी जानकारी परिजनों को नहीं दी। इसके बजाय मरीज की हालत गंभीर बताकर उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया। जब परिजन उसे आगे इलाज के लिए लेकर पहुंचे, तो डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति का आरोप है कि यदि समय पर सही इलाज या रेफर किया जाता, तो उनकी पत्नी की जान बचाई जा सकती थी। पारुल गौतम के तीन और सात वर्ष के दो छोटे बच्चे हैं। इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल के अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### निजी अस्पताल में प्रसव के लिए आशा बनाती रही दबाव, नवजात की मौत


अस्पताल में भर्ती प्रसूता।

**अमृत विचार, माल :** माल क्षेत्र के शाहपुर गोड़वा निवासी पंकज ने गांव की आशा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उनकी पत्नी नीतू को काकोरी स्थित निजी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए दबाव बनाया। समय से सीएचसी न ले जाने के कारण प्रीमेच्योर जन्मे बच्चे की मौत हो गई। पंकज के अनुसार पत्नी नीतू को प्रसव पीड़ा हुई तो उन्होंने आशा को फोन किया। आरोप है कि आशा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने के बजाय निजी अस्पताल जाने की सलाह दी। मना करने पर आशा ने सहयोग नहीं किया और फोन पर टालमटोल करती रहीं। इसके बाद नीतू अपनी मां रामदुलारी के साथ खुद ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचीं, जहां उनका प्रीमेच्योर (असमय) प्रसव हुआ। जन्मे शिशु की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे अवंतीबाई अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल के अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि नवजात करीब सात माह 20 दिन का था। उसका वजन मात्र 1400 ग्राम था। गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे अवंतीबाई अस्पताल रेफर किया गया था। आशा के बारे में कोई शिकायत नहीं मिली है। यदि परिजन शिकायत करते हैं तो मामले की जांच की जाएगी।

# एक दिन में हुई पांच हजार क्विंटल गेहूं खरीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


मोहनलालगंज मंडी के क्रय केंद्र पर गेहूं की छनाई करते श्रमिक।

- सरकारी क्रय केंद्रों की तरफ बढ़ा किसानों का रुझान
- फार्मर रजिस्ट्री की बाध्यता खत्म होने से बढ़ी आवक

**अमृत विचार :** गेहूं खरीद में फार्मर रजिस्ट्री की बाध्यता खत्म होने से सन्नाटे में चल रहे क्रय केंद्रों पर आवक बढ़ गई है। 23 अप्रैल को केंद्रों पर गेहूं बेचने के लिए किसानों में होड़ मची रही। एक दिन में सभी 43 केंद्रों पर पहुंचे किसानों ने करीब पांच हजार क्विंटल गेहूं बेचा। इससे जिले की कुल खरीद बढ़कर 15,599 क्विंटल से अधिक हो गई। वहीं, 23 अप्रैल 2025 को 10,726 क्विंटल गेहूं खरीद हुई थी। पिछले वर्ष की तुलना में एक दिन में करीब पांच हजार क्विंटल बढ़ोतरी दर्ज की गई।

शुक्रवार को भी केंद्रों पर आवक हुई और किसानों से गेहूं खरीदा गया। अब तक कुल 408 किसानों ने गेहूं बेचा है। सभी को 33.73 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया। हालांकि अभी जिलों को खरीद का लक्ष्य आवंटित नहीं हुआ है। फिर भी विभागीय अधिकारी किसानों में रुचि और आवक को देखते हुए 15 जून तक लक्ष्य पूर्ति का दावा कर रहे हैं। दरअसल, कई पात्र किसानों की तकनीकी समस्या के कारण फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पाई है और केंद्रों पर अनिवार्यता की वजह से गेहूं नहीं बेच पा रहे थे। इससे केंद्रों पर शुरुआती दौर में ही खरीद ठप हो गई। पात्र होते हुए भी किसान वंचित रहे। अब ज्यादातर किसान पंजीयन कराने के साथ केंद्रों पर गेहूं बेचने लगे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने विपुल सिन्हा ने बताया कि पंजीयन में भी वृद्धि हुई है। 2481 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### 1 मई से फिर एसडीएम व लेखपाल करेंगे सत्यापन

1 मई से उपज के सत्यापन की पुरानी व्यवस्था लागू हो जाएगी। किसानों को बिक्री के लिए एसडीएम और लेखपाल से उपज का सत्यापन कराना पड़ेगा। जो इस बार सत्यापन का कार्य नई व्यवस्था के तहत केंद्र प्रभारियों को दिया गया था। 30 अप्रैल तक केंद्र प्रभारी ही सत्यापन करेंगे। तब तक एसडीएम व लेखपाल के पोर्टल अपडेट करके सक्रिय कर दिया जाएगा।

# रेस्टोरेंट में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग में बीएन रोड पर स्थित फारसा रेस्टोरेंट के दूसरे तल पर शुक्रवार सुबह आग लग गई। दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग से वहां रखा फर्नीचर और अन्य माल जल गया।

रेस्टोरेंट के दूसरे माले पर ओपन एयर स्पेस है। वहां लोगों के खुले में बैठने के लिए फर्नीचर पड़ा है। सुबह करीब पौने नौ बजे धुआं और आग की लपटें निकलती देख कर्मचारियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने दमकल को सूचना दी। हजरतगंज एफएसओ राम कुमार रावत और दमकल कर्मी दो गाड़ियां लेकर पहुंचे। रेस्टोरेंट में धुआं भरा हुआ था। फर्नीचर और कुर्सियां व कुछ अन्य सामान जल रहा था। इसके अलावा फाल सीलिंग व डेकोरेशन का सामान भी आग की चपेट में आने से जलने लगा। दमकल कर्मियों ने घंटे भर में पर काबू पा लिया।

# मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊः** मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले युवक को गुडंबा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी के सात मोबाइल व दो सौ रुपये बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपी मो. शुक्कर अली निवासी गुवाहाटी असम हालपता मैकाले टेंपो स्टैण्ड के पास झोपड़ी गुडंबा है। 19 मार्च को सिराज अहमद की दुकान आदर्श इन्फ्राटेक यूनिटी सिटी चौराहा कल्याणपुर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

खुली बैठकें

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रधान सम्मानित

# प्रधानों ने सुनाई मॉडल ग्राम पंचायतों की कहानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर प्रधानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को सभी ग्राम पंचायतों में खुली बैठकें करके उत्कृष्ट ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने सफलता की कहानी सुनाई और ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने का संकल्प लिया।

इस दिन को यादगार बनाने के लिए कार्यक्रम की वीडियो व फोटोग्राफी करके सभा सार एप पर अपलोड किया। इंदारा, नटौली, पहाड़नगर टिकरिया, महदुइया, शेरपुर मऊ, सिसेंडी के प्रधानों ने पंचायत से होनी वाली आय से विकास कराने की जानकारी साझा की। चाहे गांव में बने व्यक्तिगत शौचालय हो या घर-घर कूड़ा उठान सुविधा इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन की प्रशंसा की। किसी ने कूड़ा निस्तारण के लिए आरआरसी तो किसी ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट से मॉडल बने गांवों की कहानी सुनाई। इसी तरह जिले की 491 ग्राम पंचायतों पर राष्ट्रीय पंचायती दिवस मनाया गया। पंचायत भवनों प्रधानों ने ग्रामीणों के साथ खुली बैठक करके आगे विकास कार्यों की योजना बताई और सुविधा व संसाधनों के सुझाव मांगे। जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाध्यापक, शिक्षक, प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, समूह की महिला, सफाई कर्मी आदि को सम्मानित किया।



ग्राम पंचायत बक्कास के पंचायत भवन सभागार में महिला को प्रमाण पत्र देते प्रधान राजेश कुमार।

## सुविधाओं से होती आय, कराते विकास

- ग्राम पंचायत को मॉडल बनाने पर ग्रामीणों का सहयोग है। गांव में सबसे अलग और आकर्षित करने वाला पंचायत भवन बना है। जहां एक छत के नीचे ग्रामीणों को सरकारी कामकाज की सुविधा मिलती है। गांव में पंचायत लर्निंग सेंटर बना है। – **राजेश कुमार, प्रधान, बक्कास**
- गांव में कॉरपोरेट की तरह पंचायत भवन बना है। जो इंटरनेट से लेकर हर सुविधाओं से लैस है। प्रदेश का सबसे अलग पंचायत भवन बना है। इसका ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। – **संयोगिता सिंह**, प्रधान, अटारी
- ग्राम पंचायत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र, लैब व आरआसी से मॉडल बनाई है। इससे से आय होती है गांव का विकास कराते हैं। इन संसाधनों से स्वयं की आय बढ़ी है। – **अशोक कुमार**, प्रधान कठवारा
- ग्रामीण और विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त बनाया है। इसके लिए काफी संघर्ष किया। मार्च में दिल्ली में प्रदेश की 150 महिला प्रधानों के साथ प्रतिभाग किया था। जहां उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। – **विजय लक्ष्मी**, प्रधान भदेसरमऊ



न्यूज ब्रीफ

### 14.26 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन कराई कब्जा मुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने राजस्व के साथ संयुक्त अभियान चलाकर शुक्रवार को तीन जगहों पर सरकारी जमीन पर प्लाटिंग व अवैध निर्माण बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा। बिल्डरों से 14.26 करोड़ रुपये की जमीन कब्जा मुक्त कराई। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर टीमों ने पुलिस बल के साथ ग्राम कंचनपुर मटियारी स्थित .107 हेक्टेयर तालाब की भूमि व .0250 हेक्टेयर बंजर भूमि पर प्लाटिंग ध्वस्त की। इसी तरह ग्राम गनेशपुर रहमानपुर में .0380 हेक्टेयर तालाब की जमीन पर कब्जा करके की गई प्लाटिंग व बाउंड्रीवाल पर बुलडोजर चलाया। जमीन नगर निगम के अभिलेखों में दर्ज हैं। इसकी कीमत 2.26 करोड़ आंकी गई। इसके अलावा ग्राम अमौसी में 1.868 हेक्टेयर, .286 हेक्टेयर व .955 हेक्टेयर ऊसर श्रेणी की भूमि पर बिल्डरों द्वारा की गई प्लाटिंग ध्वस्त की गई। कब्जामुक्त कराई जमीन की कीमत 12 करोड़ रुपये बताई गई।

### अंसल बिल्डर्स पर एक और मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** अंसल एपीआई के खिलाफ जालसाजी का एक और मामला दर्ज हुआ है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना में पीड़ित इंद्रकीर्ति शरण अग्रवाल ने शिकायत दी कि 2013 में फ्लैट बुकिंग के नाम पर उनसे 4.47 लाख रुपये लिए गए, लेकिन न फ्लैट मिला और न पैसा लौटा। आरोप है कि कंपनी ने किस्तों के लिए कोई डिमांड लेटर भी जारी नहीं किया। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### होटल में बर्थ-डे पार्टी में घुसकर हमला

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र के होटल पार्थ पैराडाइज में 22 अप्रैल की रात चल रही जन्मदिन की पार्टी के दौरान अज्ञात हमलावरों ने जमकर मारपीट की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। फैजुल्लागंज निवासी धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि बुधवार की रात होटल के दूसरे तल पर जन्मदिन की पार्टी चल रही थी। इसी दौरान होटल के बाहर बैठे करीब 15 अज्ञात लोगों में से चार-पांच लोग ऊपर आए और धर्मेंद्र व उनके साथी संतोष यादव पर रॉड व धारदार हथियार, पिस्टल की बट से हमला कर दिया। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। पीड़ित धर्मेंद्र ने एक हमलावर की पहचान अभिषेक सिंह गौतम के रूप में की। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।


स्विटजरलैंड की राजदूत के साथ भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## आतंकियों के निशाने पर आरएसएस कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नोएडा से गिरफ्तार दो संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ में खुलासा

**अमृत विचार:** यूपी एटीएस ने गुरुवार को दो संदिग्ध आतंकियों तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान और समीर खान को नोएडा से दबोचा था। इन दोनों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उनके संगठन ने लखनऊ और दिल्ली के आरएसएस कार्यालय पर हमले की साजिश रची थी। इसके लिए एके-47 और हैंड ग्रेनेड की आपूर्ति भी की जानी थी।

एटीएस के मुताबिक नोएडा से गिरफ्तार किए गए तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्ला अली खान और समीर खान का कनेक्शन पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी व आबिद जट से था। शहजाद भट्टी ने उनको कई टारगेट दिए थे। उनसे बड़े सरकारी भवनों में हमला करने को कहा गया था। भाजपा व संघ के बड़े नेताओं और कार्यालयों को लक्ष्य बनाया गया था। इसके लिए दोनों को दिल्ली व लखनऊ के नक्शे मुहैया कराए गए थे। दोनों को दिल्ली और लखनऊ में संघ कार्यालय के रेकी करने को कहा गया था। दोनों में संघ कार्यालय की रेकी भी की थी। दोनों हमला करने के लिए शहजाद भट्टी और आबिद के निर्देश का इंतजार कर रहे थे। यूपी एटीएस दोनों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की तैयारी कर रही है।

## कई ट्रेनों के मार्ग में रहेगा बदलाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रयागराज जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य से छिवकी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

**अमृत विचार:** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के तहत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किए जा रहे हैं। इसके चलते रेलवे प्रशासन ने पहले ही कई ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन की घोषणा की थी। अब परिवर्तित मार्ग से चलने वाली अनेक ट्रेनों को प्रयागराज के छिवकी स्टेशन पर दो मिनट का अस्थायी ठहराव भी दिया गया है, जिससे यात्रियों को सुविधा मिल सके।

रेलवे के अनुसार, 29 अप्रैल को चलने वाली 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया एक्सप्रेस अब मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-वाराणसी-जौनपुर-औड़िहार मार्ग से चलेगी। वहीं 30 को बलिया से चलने वाली 11072 एक्सप्रेस को जंघई-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-झांसी होते हुए बीना के रास्ते संचालित किया जाएगा। इसी तरह अहमदाबाद-दरभंगा (15560), दरभंगा-अहमदाबाद (15559), गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (15018), लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर (15017), रक्सौल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (15267), पुणे-दरभंगा (11033) और अन्य कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाते हुए छिवकी स्टेशन पर निर्धारित समय के अनुसार दो मिनट का ठहराव दिया जाएगा। इसके अलावा दादर-बालिया, दादर-गोरखपुर, गोरखपुर-दादर, पुणे-बनारस, बनारस-पुणे, छपरा-दुर्ग, दुर्ग-छपरा, रांची-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, अहमदाबाद-पटना और पटना-अहमदाबाद जैसी ट्रेनों के मार्ग भी बदले गए हैं। इन सभी ट्रेनों का संचालन परिवर्तित रूट से करते हुए छिवकी स्टेशन पर अस्थायी ठहराव सुनिश्चित किया गया है। रेलवे प्रशासन ने बताया कि कार्य अवधि के दौरान कुछ ट्रेनों को नियंत्रित कर चलाया जाएगा। 29 अप्रैल को पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस को 90 मिनट देरी से चलाया जाएगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने यह जानकारी दी है।

# अस्पताल खोलने की तैयारी में था हस्साम

### फाउंडेशन के जरिए नेटवर्क चला रहा था फर्जी डॉक्टर, गिरोह में शामिल डॉक्टरों के खाते खंगाल रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लारी कार्डियोलॉजी विभाग से डीएम की पढ़ाई कर चुके एक डॉक्टर की तलाश
- कानपुर व एरा के कई डॉक्टरों के संपर्क में था, होती थी मीटिंग

**अमृत विचार:** केजीएमयू में फर्जी डॉक्टर बनकर सक्रिय रहे हस्साम अहमद के मामले में जांच में पुलिस के सामने नए-नए खुलासे हो रहे हैं। सूत्रों की मानें तो हस्साम मरीजों के तीमारदारों को ठगने के साथ ही एक संगठित नेटवर्क तैयार कर रहा था। वह कानपुर और एरा मेडिकल कालेज के कई डॉक्टरों के संपर्क में रहकर अस्पताल खोलने की योजना बना रहा था। पुलिस अब उसके खातों की फंडिंग, कॉल डिटेल और संपर्कों की गहन जांच कर रही है। साथ ही पुलिस ने लारी कार्डियोलॉजी विभाग से डीएम की पढ़ाई कर चुके एक डॉक्टर की भूमिका संदिग्ध मानते हुए उसकी तलाश तेज कर दी गई है। आशंका है कि यह डॉक्टर कॉर्डियो सेवा फाउंडेशन नेटवर्क को सक्रिय बनाए रखने और उसके विस्तार में अहम औहदे पर था।

एरा के करीब पांच डाक्टरों और कानपुर के एक अस्पताल से जुड़े छह डाक्टरों के नाम अभी तक की जांच में सामने आए हैं, जो इस योजना में शामिल बताए जा रहे हैं। हस्साम रोजाना उन डॉक्टरों से बातचीत करता था। सभी लोग मिलकर अस्पताल खोलने के लिए फंडिंग में जुटे थे। सीतापुर और कानपुर रोड जमीन की फाइल कर ली गयी थी। इससे पहले फर्जी डॉक्टर अपने मंसूबों पर कामयाब होता, वह पकड़ लिया गया। पुलिस का मानना है कि हस्साम का अधिकतर समय कानपुर और एरा अस्पतालों में बिताता था। मरीजों को दिखाने के नाम पर वह अलग-अलग लोगों से संपर्क करता था।

शुरुआती जांच में जहां केवल फर्जी डिग्री और पहचान के सहारे मरीजों के इलाज का मामला सामने आया था। वहीं, अब यह मामला एक संगठित नेटवर्क की ओर मुड़ गया है। इसी कड़ी में लारी कॉर्डियोलॉजी विभाग से डीएम कर चुके इस डॉक्टर का नाम सामने आने के बाद खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई है। डॉक्टर लंबे समय तक केजीएमयू परिसर से जुड़ा रहा है। उसके कई संपर्क संस्थान के भीतर और बाहर दोनों जगह सक्रिय रहे हैं।

#### मोबाइल और आईपैड के डेटा से खुलेंगे राज

चौक पुलिस ने हस्साम के पास से बरामद मोबाइल और आईपैड को फॉरेंसिक लैब भेजा है। पुलिस विशेषज्ञों की मदद से डेटा रिकवर करने की कोशिश कर रही है। माना जा रहा है कि उसका डेटा आने के बाद गिरोह के संबंध में कई अहम जानकारियां मिलेंगी।

#### ऐसे खुली हस्साम की करतूत

13 अप्रैल 2026 को हस्साम ने सर्जरी विभाग के प्रोफेसर व डीन पैरामेडिकल डॉ. केके सिंह के फर्जी हस्ताक्षर से एक पत्र जारी किया, जिसमें एमबीबीएस 2023 बैच के छात्रों को 29 अप्रैल को एम्स दिल्ली में होने वाली कॉन्फ्रेंस में शामिल होने का निर्देश दिया गया था। जांच में पत्र फर्जी पाए जाने पर उसकी गतिविधियों पर शक गहरा गया और पूरा मामला सामने आ गया। इसके बाद केजीएमयू प्रशासन ने छात्रों के साथ मिलकर बुधवार को हस्साम को पकड़ लिया।

## कार सवार ने ट्रैफिक सिपाही को जड़ा थप्पड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिकैडली होटल के पास हुई घटना रिपोर्ट दर्ज, तलाश शुरू

**अमृत विचार:** कृष्णानगर स्थित पिकैडली होटल के पास हाथ से यातायात संचालन कर रहे ट्रैफिक सिपाही हीरालाल ने ट्रैफिक लोड बढ़ते देख एक रूट के वाहनों को रूकने का इशारा किया। इसके बाद भी कार सवार ने गाड़ी बढ़ा ली। रोकने की बात पर आरोपी ने सिपाही को थप्पड़ जड़ दिया। फिर कार सड़क पर लगाते हुए सिपाही को धमकाते हुए भाग निकला। पुलिस ने कार नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

ट्रैफिक सिपाही हीरालाल ने बताया कि 22 अप्रैल की दोपहर पिकैडली होटल के पास ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने बाराबिरवा की ओर आ रहे यातायात को रोकने का इशारा किया। इसके बाद भी सफेद रंग की कार (यूपी 32 जेटी 9519) सवार चालक ने गाड़ी नहीं रोकी। पास आया गाली-गलौज करते हुए एक थप्पड़ जड़ दिया। फिर कार आगे बढ़ाकर बीच सड़क पर लगाकर गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद कार सवार धमकाते हुए भाग निकला। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि कार नंबर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## दबंग ने युवक को पीटकर किया लहूलुहान, गाल पर दांत से काटा

संवाददाता, काकोरी

- बचाने आए दो अन्य लोगों को भी मारा, फेंके पत्थर

**अमृत विचार:** पारा थाना क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद नशे में धुत दबंग ने एक व्यक्ति पर हमला कर दिय। आरोपी ने मारपीट कर गाल को दांत से काट लिया। इससे मांस निकल आया। बीच-बचाव करने आए दो अन्य लोगों को भी काटने दौड़ा। उन पर ईंट फेंक-फेंककर मारने लगा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पारा गांव निवासी जितेन्द्र रावत ने बताया कि 17 अप्रैल को अखिलेश राजपूत नशे की हालत में उनके पास आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान अखिलेश ने उनके बाएं गाल को दांतों से काट लिया। मांस निकलने से वे लहूलुहान हो गए।शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे पूरन राजपूत और अमर राजपूत ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया। दोनों को भी चोटें आई हैं। पीड़ित के अनुसार आरोपी ने ईंट उठाकर जान से मारने की कोशिश की और लगातार धमकियां देता रहा। किसी तरह तीनों जान बचाकर मौके से भाग निकले। घटना के बाद घायलों ने पुलिस से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## समझौते से विषविज्ञान शोध को मिलेगी नई दिशा

### रासायनिक प्रभावों पर कैंसर संस्थान और आईआईटीआर करेंगे संयुक्त अध्ययन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान और भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान (आईआईटीआर) के बीच शुक्रवार को करार (एमओयू) हुआ। जिससे विषविज्ञान (टॉक्सिकोलॉजी) के क्षेत्र में शोध को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। इस पहल के तहत स्वास्थ्य और पर्यावरण पर रासायनिक प्रभावों का गहन अध्ययन किया जाएगा, साथ ही नए डायग्नोस्टिक टेस्ट विकसित करने पर भी काम होगा।


करार के दौरान दोनों संस्थानों के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट और डॉ. भास्कर नारायण।

करार के दौरान कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एमएलबी भट्ट और आईआईटीआर के निदेशक डॉ. भास्कर नारायण मौजूद रहे। दोनों संस्थानों ने औद्योगिक, कृषि और पर्यावरणीय कारकों से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। समझौते के तहत वैज्ञानिक ज्ञान के विस्तार, नवाचार को बढ़ावा देने और सतत स्वास्थ्य पद्धतियों के विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस सहयोग से शोध गतिविधियों को मजबूती मिलने के साथ ही मरीजों के उपचार में नई संभावनाएं भी खुलेंगी।

इस अवसर पर डीन डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वरुण विजय तथा आईआईटीआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. केसी कल्बे और डॉ. केएम अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जयप्रकाश सिंह बसपा से फिर निष्कासित

**अमृत विचार, लखनऊः** बसपा में अनुशासन को लेकर सख्ती जारी है। पार्टी के पूर्व नेशनल कोऑर्डिनेटर एवं पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह को एक बार फिर पार्टी से बाहर कर दिया गया है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब पार्टी प्रमुख मायावती दिल्ली दौरे पर हैं।

बीते दो दिनों में पश्चिमी यूपी के दो बड़े नेताओं पर कार्रवाई की गई है। इससे पहले सहारनपुर मंडल के जोनल प्रभारी हाजी सरफराज राईन को भी अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित किया गया था। गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार जाटव ने शुक्रवार को जयप्रकाश सिंह के निष्कासन का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि हाल ही में पार्टी में वापसी के बावजूद उनकी कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ और वे लगातार पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहे। पार्टी की ओर से कार्यकर्ताओं को ऐसे "स्वार्थी और अवसरवादी" तत्वों से सावधान रहने की अपील की गई है।

## वाल्मीकि समाज की बेटी को नहीं मिल रहा न्याय



**अमृत विचार, लखनऊः** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में सभ्य लोग नहीं हैं। गाजीपुर से लेकर हाथरस और हरदोई तक बेटियों की हत्याएं हुई, उन्हें न्याय नहीं मिला। गाजीपुर की तरह ही हाथरस में वाल्मीकि समाज की बेटी को न्याय दिलाने के लिए भी दलों के लोग खड़े हुए, लेकिन इस सरकार ने न्याय नहीं दिया। भाजपा सरकार के लोगों ने परिवार को अंतिम संस्कार भी नहीं करने दिया।

सपा प्रमुख शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गाजीपुर में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे सपा के प्रतिनिधिमंडल को टारगेट किया जा रहा है। चिह्नित कर एफआईआर की जा रही है। गाजीपुर की तरह हरदोई में कुशवाहा समाज की बेटी की निर्मम हत्या हुई, मेरठ के सोनू कश्यप की जान ली। बिजनौर में सैनी समाज की बेटी की हत्या हो गयी।

अखिलेश यादव ने कहा कि राजधानी में भाजपा भूमाफिया बनकर काम कर रही हैं, कोई भी योजना आने के पहले भाजपा के लोग मिलकर पहले ही जमीनें ले लेते हैं।

## अवर अभियंता मुख्य परीक्षा 3 मई को

**अमृत विचार, लखनऊः** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा 2026 की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा 3 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक प्रदेश के आठ जिलों में आयोजित होगी।

आयोग के अनुसार अवर अभियंता (सिविल) और सहायक विकास अधिकारी (एई, सिविल) के कुल 4612 पदों पर भर्ती के लिए यह परीक्षा कराई जा रही है। परीक्षा अमरोहा, बागपत, भदोही, कन्नौज, कानपुर देहात, पीलीभीत, संतकबीर नगर और शामली में आयोजित की जाएगी। मुख्य परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों की परीक्षा सिटी की जानकारी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल एप पर उपलब्ध करा दी गई है। अभ्यर्थी अपने विवरण दर्ज कर परीक्षा शहर की जानकारी देख और डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा सिटी की जानकारी केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को दिखाई देगी, जिन्होंने निर्धारित शुल्क जमा कर दिया है।

## गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को दें प्राथमिकता : केशव मौर्य

### उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बरेली

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि नवाबगंज चीनी मिल की नीलामी हो चुकी है, जबकि बहेड़ी मिल की नीलामी 29 अप्रैल को प्रस्तावित है। इस पर जल्द भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया।

उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को बरेली कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसील, थाना और विकास खंड को मॉडल बनाते हुए लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

केशव प्रसाद मौर्य ने गेहूं खरीद में पारदर्शिता, दलालों पर रोक और अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।


बरेली में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

## पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला : राजभर



**अमृत विचार, लखनऊ :** पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। उनका सशक्तिकरण ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पंचायत को पारदर्शी, जवाबदेह और आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि विकास की धारा गांव-गांव तक पहुंच सके।

पंचायती राज मंत्री शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर गांवों में लोकतंत्र का जीवंत स्वरूप देखने को मिला। प्रदेशभर की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित हुईं, जिनमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्थानीय विकास योजनाओं, जनसमस्याओं के समाधान तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने सुझाव दिए।

जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में ग्राम प्रधानों और पंचायत सहायकों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इससे पंचायत प्रतिनिधियों का मनोबल बढ़ा और उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरणा मिली।

तैयारी | महिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने को लेकर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की बैठकें

## पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- बूथ स्तर तक संपर्क अभियान चलाने के निर्देश, महिलाओं की भागीदारी पर विशेष जोर

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 अप्रैल को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर भाजपा ने तैयारियां तेज कर दी हैं। प्रस्तावित महिला सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने शुक्रवार को सर्किट हाउस में महिला मोर्चा, जिला व महानगर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की अलग-अलग बैठकें कीं।

बैठकों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाए। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य है।

उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के प्रयासों में बाधा डाली गई। साथ ही तीन तलाक कानून और पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने जैसे निर्णयों को महिलाओं और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।


भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों के साथ बैठक करते प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह व अन्य।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने अब तक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सम्मेलन की सफलता के लिए बूथ स्तर तक संपर्क अभियान चलाया जाए। प्रत्येक महिला मतदाता तक पहुंच बनाकर उन्हें कार्यक्रम में शामिल करने का लक्ष्य तय किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन केवल स्वागत कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिलाओं के साथ संवाद और उनके सशक्तिकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रम की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं को दी गई है।

### अपराध बढ़ रहे और कार्रवाई हो रही जाति के आधार पर : स्वामी प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊः** प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहे हैं और कार्रवाई जाति के आधार पर की जा रही है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल से जुड़े लोगों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होती, जबकि अन्य मामलों में पुलिस सख्ती दिखाती है। उन्होंने हरदोई के मल्लावां की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि एक युवती की हत्या के मामले में पहले शिकायत दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़े।

# आवेश में हुई घटना को हत्या मानना न्यायसंगत नहीं : हाईकोर्ट

## कोर्ट ने हत्यारोपियों की दोषसिद्धि को गैर इरादतन मानव वध में परिवर्तित कर सजा को पूर्व में भुगती गई कैद तक सीमित किया

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक पीठ ने शाहजहांपुर के चर्चित हत्याकांड में कहा कि बिना पूर्व नियोजन, अचानक उत्पन्न विवाद और आवेश में हुई घटना को किसी स्थिति में हत्या नहीं माना जा सकता। यदि घटना क्षणिक उत्तेजना, अचानक झगड़े और बिना किसी अनुचित लाभ उठाए घटित हुई हो, तो वह भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के बजाय धारा 304 (भाग-1) के दायरे में आएगी। इसी आधार पर कोर्ट ने हत्यारोपियों की दोषसिद्धि को गैर इरादतन मानव वध में परिवर्तित करते हुए उनकी आजीवन कारावास की सजा को पहले से भुगती गई अवधि तक सीमित कर दिया।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने महेश सिंह, आरती सिंह, विताना देवी, शिवम सिंह उर्फ सुमित कुमार सिंह तथा अमित सिंह की आपराधिक अपीलों को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए पारित किया। सभी अभियुक्तों को शाहजहांपुर की निचली अदालत ने हत्या के अपराध में आजीवन कारावास से दंडित किया था। 8 जुलाई 2016 को पुलिस स्टेशन रोजा, शाहजहांपुर में आईपीसी की धारा 147, 148, 302/149 के तहत महेश सिंह, उसकी पत्नी विताना देवी, पुत्र शिवम और अमित,



पुत्री आरती तथा उनके सहयोगी वेदपाल सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई, लेकिन बाद में महेश सिंह के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25/27 के तहत अलग अभियोजन भी चलाया गया। कोर्ट ने पाया कि उपलब्ध साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि घटना पूर्वनियोजित नहीं थी। यह अचानक उपजे तनाव, झड़प और आवेश का परिणाम थी।

कोर्ट ने यह भी पाया कि अभियुक्तों ने न तो कोई अनुचित लाभ उठाया और न ही असामान्य क्रूरता का प्रदर्शन किया। इन्हीं परिस्थितियों के आधार पर कोर्ट ने माना कि मामला आईपीसी की धारा 300 के अपवाद-4 के अंतर्गत आता है। अतः अभियुक्तों की दोषसिद्धि को धारा 302/149 से धारा 304 (भाग-1)/149 में परिवर्तित करते हुए उन्हें सजा तक सीमित कर दिया गया।

### शिक्षा का अधिकार तकनीकी अड़चनों का बंधक नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का संवैधानिक अधिकार महज तकनीकी औपचारिकताओं की भेंट नहीं चढ़ सकता। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन की अनिवार्यता कमजोर और वंचित वर्गों के बच्चों के लिए बाधा नहीं बन सकती। डिजिटल व्यवस्था सुविधा का माध्यम हो सकती है, अधिकारों पर पहरा नहीं। राज्य का दायित्व है कि वह ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार करे, जिससे कोई बच्चा केवल तकनीकी अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रह जाए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की एकलपीठ ने ख्वाजा आशेर (नाबालिग) की ओर से उसके पिता ख्वाजा शमशाद अहमद द्वारा दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिका में आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(सी) के तहत नर्सरी कक्षा में प्रवेश दिलाने की मांग की गई थी। मामले के अनुसार याची के पिता ने 5 अप्रैल 2023 को बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रयागराज के समक्ष मैनुअल आवेदन प्रस्तुत किया था।

### पांच से कम व्यक्तियों को अनधिकृत जमाव का सदस्य मानकर सजा देना अवैध

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आईपीसी की धारा 149 के तहत दोषसिद्धि के नियमों को स्पष्ट करते हुए बताया कि जब अभियोजन द्वारा नामजद सभी आरोपियों में से अधिकांश बरी हो जाएं और अंतत: दोषसिद्धि केवल दो व्यक्तियों तक सीमित रह जाए, तब भारतीय दंड संहिता की धारा 149 का सहारा लेकर उन्हें दंडित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि पांच या अधिक व्यक्तियों के बिना 'अनधिकृत जमाव' का अस्तित्व ही नहीं बनता। ऐसे में धारा 149 के आधार पर दी गई सजा विधिसम्मत नहीं ठहराई जा सकती। इसी आधार पर कोर्ट ने 37 वर्ष पुराने आपराधिक मामले में जीवित अपीलकर्ता बिग्रंचू उर्फ बिगरांच्छू को दोषमुक्त कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति समीत गोपाल की एकलपीठ ने राम पलट एवं अन्य की आपराधिक अपील को निस्तारित करते हुए पारित किया। अपील के दौरान राम पलट की मृत्यु हो जाने से उनके संबंध में अपील पूर्व में ही निरस्त हो चुकी थी।

### क्वो वारंटो की रिट अधिकारी के अवैध कृत्य को चुनौती देने का माध्यम नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्वो वारंटो (अधिकार पृच्छा) रिट की सीमाओं को स्पष्ट करते हुए कहा कि क्वो वारंटो की रिट किसी सरकारी अधिकारी के कथित अवैध कृत्य को चुनौती देने का माध्यम नहीं है। यह असाधारण संवैधानिक उपाय केवल उस स्थिति में उपलब्ध है, जब कोई व्यक्ति बिना वैधानिक अधिकार के किसी सार्वजनिक पद पर काबिज हो। कोर्ट ने कहा कि इसका उपयोग न तो मंडामस, न निषेधाज्ञा और न ही अपील के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की एकलपीठ ने औरैया जिले के बिरुहनी गांव निवासी नीरज सिंह और अन्य की याचिका को खारिज करते हुए की। याचियों ने तहसीलदार अजीतमल, कानूनगो, क्षेत्रीय लेखपाल, अजीतमल थानाध्यक्ष तथा संबंधित चौकी प्रभारी के विरुद्ध क्वो वारंटो की रिट जारी करने की मांग की थी। आरोप था कि इन अधिकारियों ने लंबित दीवानी वाद के दौरान 9 जनवरी 2026 को उनकी पैतृक भूमि का कब्जा बलपूर्वक विपक्षियों को दिलवा दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### खरीदारी को आए युवक को दबंगों ने पीटा

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मेंहदावल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े दबंगों का आतंक देखने को मिला। बहबोलिया-चौबेडिहवा मार्ग पर बीच चौराहे पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें बहन की शादी का सामान खरीदने आए युवक को बेरहमी से पीट दिया गया। बीच-बचाव करने पहुंचे एक अन्य युवक को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा। घटना के दौरान ईंट-पत्थर चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और दुकानदारों ने आनन-फानन में अपनी दुकानें बंद कर दीं। जानकारी के अनुसार, जमोहरा गांव के दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। एक पक्ष अपनी बेटी की 7 मई को होने वाली शादी के लिए खरीदारी करने मेंहदावल बाजार आया था। इसी दौरान दूसरे पक्ष को इसकी भनक लग गई और वह पहले से घात लगाकर चौबेडिहवा के पास पहुंच गये। जैसे ही युवक वहां पहुंचा, दबंगों ने लोहे की पाइप और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बीच-बचाव करने पहुंचे दूसरे युवक को भी पीटकर घायल कर दिया गया।

### गैर इरादतन हत्या में दो को 7-7 वर्ष की सजा

**कुशीनगर, अमृत विचार :** हाटा कोतवाली पर पंजीकृत मुकदमे में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा अभियुक्तों इन्द्रजीत शर्मा व अमित उर्फ मन्तोष शर्मा निवासी देवरिया देहात कोतवाली हाटा जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिध्द करते हुए 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं प्रत्येक को 10,000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक उ0नि0 सुबास चन्द रत्ना, एडीजीसी संजीव कुमार सिंह, प्र0नि हाटा संजय दुबे, पैरोकार कां0 दुर्गेश यादव हाटा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत से जनता परेशान : काजी सुहेल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद में पेट्रोल-डीजल की भीषण किल्लत से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है अधिकांश पेट्रोल पंप सूखे पड़े हैं और जहां ईंधन उपलब्ध है, वहां हजारों की भीड़ उमड़ रही है। हालात इतने बदतर हैं कि लोगों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी मात्र 2-3 लीटर पेट्रोल एवं 10 -15 लीटर डीजल ही नसीब हो पा रहा है। स्थिति और भी गंभीर इसलिए हो गई है क्योंकि इन दिनों शादी-विवाह का सीजन जोरों पर है। लोगों को आवागमन के लिए पेट्रोल-डीजल की सख्त आवश्यकता है, लेकिन ईंधन की कमी ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिससे आम जनता में हाहाकार मचा हुआ है।

उक्त बातें कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष काजी सुहेल अहमद ने कही उन्होंने कहा कि हैरानी की बात यह है कि जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी जमीनी सच्चाई से आंखें मूंदकर जनपद में ईंधन की कोई कमी न होने का दावा कर रहे हैं। यह जनता के साथ सीधा मजाक और उनकी समस्याओं की घोर अनदेखी है। कांग्रेस पार्टी इस लापरवाही की कड़ी निंदा करती है और प्रशासन को चेतावनी देती है कि यदि पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गस्त, चेकिंग किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

# छेड़खानी से आहत विवाहिता ने की खुदकुशी

संवाददाता, संतकबीरनगर।

- शादीशुदा युवती से आरोपी बात करने का बना रहा था दबाव
- सरे बाजार छेड़छाड़ व मारपीट भी कर चुका था
- ससुराल वाले पुलिस से शिकायत न करने का बना रहे थे दबाव

**अमृत विचार।** दुधारा क्षेत्र के पचपोखरी में शुक्रवार की सुबह विवाहिता ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पीड़ित मां ने छेड़खानी से आहत होने पर बेटी के जरिए आत्मघाती कदम उठाने का आरोप लगाई है। आरोप है कि आरोपी युवक के खिलाफ बेटी कार्रवाई कराना चाहती थी, लेकिन उसके घर वाले थाने जाने से मना कर दिए थे। पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

दुधारा क्षेत्र के पचपोखरी गांव की रहने वाली 28 वर्षीय साधना पत्नी



महिला के सुसाइड मामले की जांच-पड़ताल करते एसएचओ दुधारा अरविंद कुमार शर्मा।

दिनेश शुक्रवार की सुबह करीब 6 बजे कमरे में पंखे में दुपट्टे के सहारे लटक कर जान दे दी। मृतका की मां संजू पत्नी लालधर निवासी अजगरा थाना बखिरा का आरोप है कि उसकी बेटी साधना की शादी पचपोखरी के दिनेश से वर्ष 2014 में हुई थी। आरोप है कि पचपोखरी का रहने वाला राहुल उसकी बेटी से 6 महीने पहले से बात करने के लिए दबाव बनाता था। तीन महीने पहले बेटी को राहुल ने मारापीटा था और बातचीत करने का दबाव बनाता था। जिस पर साधना ने घर पर सास, ननद आदि परिवार के सदस्यों को बताया। साधना ने इसके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की बात कही तो घर वालों ने दबाव दिया कि थाने पर मत जाओ। आरोप है कि 21 अप्रैल को बाजार गई थी,जहां आरोपी राहुल ने छेड़खानी की। जिसकी शिकायत बेटी साधना ने 23 अप्रैल को वीमेन पावर लाइन (1090) पर दर्ज कराई थी। उसी दिन शाम को पुलिस घर पर गई थी और कार्रवाई करने के लिए पुलिस चौकी पचपोखरी पर बुलाया तो सास ने मना किया कि चौकी पर मत जाओ। उपरोक्त कारणों से आहत होकर बेटी साधना ने शुक्रवार की सुबह आत्म हत्या कर लिया। एसओ अरविंद शर्मा ने बताया कि पीड़ित संजू की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास शुरु कर दिया गया है।

# सामूहिक प्रयास से हिन्दी के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे : उदय बोरवणकर

- पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक की अध्यक्षता में हुई नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), की बैठक एवं प्रख्यात कवि, लेखक एवं पत्रकार माखन लाल चतुर्वेदी पर साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को महाप्रबन्धक सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी प्रकाश चन्द्र जायसवाल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी मनोज मिश्रा, नगर स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों एवं निगमों के प्रमुख/प्रतिनिधि तथा राजभाषा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयकर विभाग एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम,गोरखपुर ने अपनी प्रस्तुति दी।

बैठक में महाप्रबन्धक उदय बोरवणकर ने वर्ष 2025 में राजभाषा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदस्य कार्यालयों को बधाई दी। आशा व्यक्त किया कि वे आगे भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बनाये रखेंगे तथा जहां भी कमियां हों, उसे दूर करायेंगे। महाप्रबन्धक ने कहा कि आज की इस बैठक में हुई चर्चा के बाद जिन बिन्दुओं में कमी है, उसे आप सभी दूर करायें। सभी के सामूहिक प्रयास से राजभाषा के क्षेत्र में हिन्दी के निर्धारित लक्ष्य



बैठक में महाप्रबंधक को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिकारी। अमृत विचार

को अवश्य प्राप्त किया जा सकेगा। सदस्यों के सुझावों को संज्ञान में लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमें न सिर्फ आँकड़ों को आगे बढ़ाना है अपितुरोजमर्रा के कार्यों में भी राजभाषा का उपयोग बढ़ाना है। हमें अच्छे व सरल शब्दों का प्रयोग करना चाहिये तथा बोलचाल की भाषा को और अच्छा बनाना चाहिये। कहा कि अपने कार्यालयों के प्रवेश स्थान पर प्रतिदिन के नये विचार सरल एवं अच्छे शब्दों में लिखें तथा समाज में सभी को पुस्तकें पढ़ने के लिये प्रेरित करें।

### विशेष गाड़ी के 11 फेरों को किया गया निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक कारणों से 05009/05010 गोरखपुर-लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के 11 फेरों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। फलस्वरूप गोरखपुर से 01 मई से 10 जुलाई तक चलने वाली 05009 गोरखपुर-लालकुआँ ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी तथा लालकुआं से 02 मई से 11 जुलाई तक चलने वाली 05010 लालकुआं-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

# कटाव रोधी कार्य का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बूढ़ी नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम महरथा एवं बैजनथा में कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कटाव निरोधक कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों



कटान निरोधक कार्य का निरीक्षण करते डीएम शिवशरणप्पा जीएन।

के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कटाव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने विशेष रूप से उन स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, जहां कटाव की आशंका अधिक है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अभियंताओं एवं अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।

# बढ़नी कस्बा में घंटों जाम में फंसी रही एंबुलेंस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शुक्रवार को बढ़नी कस्बे के लोगो को एवं एनएच 730 पर से कस्बे स्थित पचपेड़वा तिराहे होते हुए आने जाने वाले राहगीरों को शाम 5 बजे के करीब काफी समय तक जाम का सामना करना पड़ा,कस्बे में शुक्रवार को पचपेड़वा रोड होते गए ढेबरुआ रोड एवं बस स्टॉप रेलवे क्रासिंग से लेकर ढेबरुआ रोड पर एन एच 730 के दोनों तरफ 2 से 3 किलोमीटर का लंबा जाम लग गया,जाम में मरीजों को लेकर कस्बे से जिले के लिए जा रही एक प्राइवेट एंबुलेंस कई घंटे तक फंसी रही,जाम के लगभग आधे घंटे बाद प्रशासन के लोग जाम को हटवाने के लिए मौके पर पहुंचे उसके बाद भी कई घंटे मशक्कत करनी पड़ी, प्रशासन के जवान जाम हटवाने के लिए मशक्कत करते देखे गए।फिलहाल कस्बे के लोग जाम से जूझते और प्रशासन को कोसते नजर आ रहे थे। कस्बा निवासी डॉक्टर महबूब आलम ने बताया कि कस्बे के पचपेड़वा तिराहा पर अक्सर इस तरह का जाम लगता है।

# महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : विजय लक्ष्मी

- महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष के रुख को लेकर जिले की प्रभारी मंत्री ने किया तीखा हमला

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास राज्य मंत्री व जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने शुक्रवार को महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह बिल देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्ष




सरैया बाईपास से जनाक्रोश महिला पदयात्रा निकालती प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम।

ने इसका मजाक उड़ाकर महिलाओं के अधिकारों का अपमान किया है। महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा।

प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने और उनके सहयोगी दलों ने संसद में इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर महिलाओं के हक को छीनने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का यह रवैया न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह महिलाओं की आकांक्षाओं के भी खिलाफ है। मंत्री ने कहा कि देशभर की महिलाएं इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही हैं और उनके भीतर गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में महिलाएं अपने मताधिकार के जरिए इसका जवाब देंगी और उन राजनीतिक दलों को सबक सिखाएंगी, जिन्होंने उनके अधिकारों की अनदेखी की है।

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव को लेकर भी प्रभारी मंत्री ने कहा कि वहां की जनता ने भारी मतदान कर यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि वह वर्तमान सरकार की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बन चुका है और आगामी समय में वहां सरकार का गठन भाजपा के नेतृत्व में होगा। इससे पूर्व प्रभारी मंत्री ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर संगठन पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में खलीलाबाद विधायक अंकुर राज तिवारी, मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी तथा जिलाध्यक्ष नीतू सिंह सहित कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्राम चौपाल में लोगों को किया जागरूक

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बभनी एवं लुचुईया में गांव की समस्या, गांव में समाधान के उद्देश्य से ग्राम चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। बभनी में चौपाल की अध्यक्षता सचिव अजय भारतीया ने की, जबकि लुचुईया में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा ने की। कार्यक्रम का संचालन सचिव रामस्वरूप गुप्ता द्वारा किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही ग्रामीणों को केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

बैठक | मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक में की चर्चा, कहा

# जलवायु परिवर्तन से निपटने को हो सामूहिक प्रयास

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जलवायु परिवर्तन आज के समय में भविष्य के लिए एक गंभीर चुनौती बनकर उभर रहा है, जिससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। जनपद में पराली जलाने की बढ़ती घटनाएं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं, जिससे ग्रीनहाउस गैसों में वृद्धि, वायु गुणवत्ता में गिरावट तथा मृदा की उर्वरता प्रभावित हो रही है। यदि इस प्रवृत्ति पर समय रहते नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।

उक्त विचार मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने शुक्रवार



बैठक करते मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह। अमृत विचार

को गौतम बुद्ध जागृति समिति एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में व्यक्त किए। जिसका उद्देश्य आपदाओं से निपटने के लिए समुदाय की अनुकूलनशीलता और लचीलापन को सुदृढ़ करना था।

सीडीओ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन अब एक वैश्विक चुनौती बन चुका है, जिसका प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों सहित आम जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने जागरूकता, समय पर तैयारी और सामुदायिक सहभागिता को आपदा से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय बताया। कहा, हम सभी को प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित और जिम्मेदार उपयोग करना होगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और समृद्ध पर्यावरण मिल सके।" उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा वृक्षारोपण, वर्षा जल संचयन, पराली प्रबंधन, सौर ऊर्जा तथा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिनकी सफलता के लिए व्यापक जनसहभागिता आवश्यक है। संस्था के सचिव श्रीधर पांडेय ने आपदा पूर्व तैयारी पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा एक सुदृढ़ आपदा रेडीनेस योजना विकसित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वयंसेवकों एवं समुदाय को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## गोंडा के दुकानदार से टप्पेबाजी में चार दबोचे

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** खलीलाबाद पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए गोंडा के दुकानदार से हुई दो लाख रुपए की टप्पेबाजी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से 56 हजार रुपये नकद, कार और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद किया है। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि गोंडा जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र के वालेश्वरगंज के रहने वाले देवेंद्र कुमार भारती के साथ 21 अप्रैल को खलीलाबाद में 02 लाख रुपये की टप्पेबाजी हुई थी। पुलिस ने मामले में ओमकार चौधरी उर्फ बब्बू चौधरी, निवासी कमोखर थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती, पिंटू निवासी पारा हरिगोविंद थाना धनघटा, रामबहादुर शर्मा, निवासी दुधरा कोतवाली खलीलाबाद, रामनयन यादव निवासी गौरापार कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार किया है।

# बोलेरो-स्कूटी की टक्कर में युवक घायल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र ढेबरूआ के तुलसियापुर चौराहे पर बुधवार शाम बोलेरो और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को एम्बुलेंस के जरिए सीएचसी शोहरतगढ़ पहुंचाया गया। एनएच पर एसबीआई बैंक तुलसियापुर के सामने पश्चिम दिशा से आ रही महिंद्रा बोलेरो और पूरब दिशा से आ रही स्कूटी में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि बोलेरो के अगले हिस्से में भी नुकसान हुआ। वहीं घायल युवक की पहचान 34 वर्षीय राजेन्द्र पुत्र राम चन्दर, निवासी वार्ड नम्बर-06 आर्य नगर, नगर पंचायत शोहरतगढ़ के रूप में हुई है। बताया जाता है कि राजेन्द्र कस्बे में शान्ति मार्केट के सामने मूंगफली का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। हादसे में उसके सिर और पेट में गम्भीर चोटें आयी हैं। सीएचसी में तैनात चिकित्सक डॉ0 अभय भारती ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, वहां भी स्थिति में सुधार न होने पर बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर भेजने की तैयारी की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है।

### डीएल व हेलमेट चेक करने के दिये निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के क्षेत्र के कई पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा नो हेलमेट, नो पेट्रोल के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है। शासन ने सड़क हादसों को कम करने के लिए बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर रोक लगाई है, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ रहीं हैं। बढ़नी क्षेत्र में पेट्रोल पम्पों पर नो हेलमेट, नो पेट्रोल अभियान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। बिना रोक टोक के पम्प कर्मियों द्वारा दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा है। गुरुवार को एसडीएम विवेकानन्द मिश्र, सीओ मयंक कुमार द्विवेदी, थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद व चौकी प्रभारी वीरेन्द्र कुमार यादव द्वारा नगर पंचायत बढ़नी स्थिति विजया आटोमोबाइल्स का निरीक्षण के दौरान कई ऐसे बाइक चालक नजर आये, जिनके वाहन में आगे की तरफ कोई नम्बर प्लेट नही था और बिना हेलमेट के पेट्रोल भरवाते हुए नजर आये।

